# वार्षिक शिक्षण योजना सत्र 2023 – 24

## हिंदी विभाग, राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट

इस सत्र में निम्न शैक्षणिक दिवस होंगे :-

**18.07.2023 से 10.11.2023**

**16.11.2023 से 30.12.2023**

**05.02.2024 से 30.03.2024**

शैक्षणिक सत्र 2023 – 24 के लिए वार्षिक शिक्षण योजना का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा में पाठ्यक्रम को पूर्ण करने से संबंधित है जिससे की विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम सहजता से तय सीमा में पूरा हो। इस शिक्षण योजना के द्वारा शिक्षक सुगमता से पाठ्यक्रम पूरा कर सकता है।

• दिनांक 18 जुलाई 2023 से दिनांक 1 सितंबर 2023 तक प्रथम, द्वितीय वर्ष की पहली तीन इकाईयों के पाठ्यक्रम का अध्ययन करना है : –

DSC I (प्रथम वर्ष) हिंदी साहित्य का इतिहास

• अनिवार्य हिंदी (प्रथम वर्ष) व (द्वितीय वर्ष) की दो इकाईयों के पाठ्यक्रम का अध्ययन किया जाएगा।

• सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में मध्यावधि कक्षा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपरोक्त पढ़ाए गए पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में जिन विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन नहीं होगा उनके लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन भी करवाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक सोमवार को फ्लिप क्लासरूम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। इसके अतरिक्त विद्यार्थियों को किसी विषय पर कक्षा प्रस्तुति देना भी अनिवार्य रहेगा।

• दिनांक 1 सितंबर 2023 से दिनांक 10 नवंबर 2023 तक उपरोक्त पाठ्यक्रम की अंतिम इकाईयों का पाठ्यक्रम पूरा करना है, व अनिवार्य हिंदी (प्रथम वर्ष) के पाठ्यक्रम का दोबारा अध्ययन करना है। इसी के साथ DSC II (प्रथम वर्ष) मध्यकालीन कविता की प्रथम दो इकाईयों का अध्ययन किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक सोमवार को फ्लिप क्लासरूम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। इसके अतरिक्त विद्यार्थियों को किसी विषय पर कक्षा प्रस्तुति देना भी अनिवार्य रहेगा।

•दिनांक 16 नवम्बर 2023 से लेकर 30 दिसंबर 2023 तक निम्न पाठ्यक्रम की अंतिम इकाईयों का अध्ययन किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक सोमवार को फ्लिप क्लासरूम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। इसके अतरिक्त विद्यार्थियों को किसी विषय पर कक्षा प्रस्तुति देना भी अनिवार्य रहेगा।

DSC II (प्रथम वर्ष) मध्यकालीन हिंदी कविता

•अनिवार्य हिंदी (प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष) की अंतिम दो इकाईयों का सम्पूर्ण अध्ययन किया जाएगा।

•नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में मध्यावधि कक्षा परीक्षा का आयोजन उपरोक्त पाठ्यक्रम के आधार पर किया जाएगा। इस परीक्षा में जिन विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन नहीं होगा उनके लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन भी करवाया जाएगा।

•दिनांक 5 फरवरी 2024 से दिनांक 30 मार्च 2024 तक पूर्ण पाठ्यक्रम का अध्ययन दोबारा किया जाएगा।

इस शैक्षणिक सत्र के दौरान मुख्य रूप से विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास के लिए निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा :-

•सितंबर माह में हिंदी पखवाड़े का आयोजन।

•माह के हर दूसरे शनिवार विद्यार्थीयों को साहित्य से जुड़ी कोई डॉक्यूमेंट्री, साक्षात्कार या फिल्म दिखाई जाएगी।

•विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इंटरक्लास प्रतियोगिताएं हर माह आयोजित करवाई जाएगी।

रचना तनवर
सहायक आचार्य
हिंदी

Principal
Govt. Degree College
Darlaghat, Dist. Solan (H.P.)
प्राचार्य
रा. म. वि.
दाड़लाघाट